# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर

**क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पीछे, पानी की टंकी के पास, दमोहनाका, जबलपुर, 482002**

**दूरभाष क्रमांक 0761–2347195**

क्रमांक.01 / स्था. / मु.अ. / जबलपुर / 2013 दिनांक 26.02.13

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय के ज्ञाप क्रमांक एफ–1–11 / 2010 / 1 / 34 भोपाल दिनांक 29.10.2010 में दिये निर्देशानुसार जबलपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत जिला स्तर / उपखण्ड स्तर पर नवीन स्थापित होने वाली पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में मानदेय के आधार पर रसायनयज्ञों एवं प्रयोगशाला सहायकों की संविदा नियुक्ति हेतु कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर के अंतर्गत निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिलेवार / पदवार आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 30.3.2013 को सायं 5.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए, तत्पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे, डाक द्वारा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**अ– संविदा रसानयज्ञ– कुल 5 पद**

| क0 | जिला | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर | – | – | 1 | – | **1** |
| 2 | मण्डला | – | – | – | 1 | **1** |
| 3 | छिन्दवाडा | – | – | 1 | – | **1** |
| 4 | रीवा | – | – | 1 | – | **1** |
| 5 | डिण्डोरी | – | – | 1 | – | **1** |

**ब– संविदा प्रयोगशाला सहायक– कुल 5 पद**

| क0 | जिला | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर | 1 | – | – | – | **1** |
| 2 | छिन्दवाडा | 1 | – | 1 | – | **2** |
| 3 | बालाघाट | 1 | – | – | – | **1** |
| 4 | रीवा | 1 | – | – | – | **1** |

**नोट :–**

(1) संविदा में नियुक्ति होने पर संबंधित जिले के कार्यपालन यंत्री से एक वर्ष के लिये अनुबंध किया जाना होगा । कार्यपालन यंत्री द्वारा जिले के अंतर्गत उपखण्डस्तरीय प्रयोगशालाओं में पदस्थापना की जावेगी।

(2) उपरोक्त पदों पर मानदेय के आधार पर संविदा अनुबंध आधारित नियुक्ति की जायेगी, कार्यप्रणाली संतोषप्रद होने पर वार्षिक आधार पर अनुबंध आवश्यकतानुसार नवीनीकृत किये जा सकेगें।

(3) रसायनज्ञ पद के लिए प्रतिमाह रूपये 3500 / – (रूपये तीन हजार पॉच सौ) मात्र एवं प्रयोगशाला सहायक पद के लिए प्रतिमाह रूपये 2500 / – (रूपये दो हजार पॉच सौ) मात्र मानदेय का भुगतान शासन द्वारा निश्चित किया गया है।

(4) **न्यूनतम आयु सीमा**–दिनांक 31.12.2012 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम अनारक्षित वर्ग के लिए 35 वर्ष, आरक्षित वर्ग के लिए 40 वर्ष । अनारक्षित वर्ग की महिलाओं के लिए 45 वर्ष, आरक्षित वर्ग के लिए 50 वर्ष। विधवा, तालाकशुदा महिला अनारक्षित वर्ग के लिए 50 वर्ष एवं आरक्षित वर्ग के लिए 55 वर्ष होगी।

(5) **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता**–रसायनयज्ञ पद के लिए बी.एससी. (रसायन शास्त्र) के साथ उत्तीर्ण । प्रयोगशाला सहायक के लिए हायर सेकेण्डरी (10+2) रसायन शास्त्र विषय के साथ उत्तीर्ण।

(6) **चयन**—मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर की अध्यक्षता में गठित की जाने वाली समिति के माध्यम से साक्षात्कार किया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के मैरिट एवं साक्षात्कार में प्राप्त होने वाले अंको के आधार पर चयन प्रक्रिया होगी। साक्षात्कार के लिए मेरिट अनुसार एक पद के विरूद्व पॉच उम्मीदवारो को बुलाया जावेगा ।

(7) आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, मूल निवासी के संबंध में सक्षम अधिकारी का **स्थायी निवास प्रमाण पत्र** की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना है।

(8) जाति संबंधी जानकारी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी रूप से प्रदत्त **जाति प्रमाण पत्र** की छायाप्रति संलग्न करना है।

(9) आवेदक/आवेदिका का म.प्र. के किसी भी जिले का रोजगार कार्यालय में विज्ञापन जारी होने की दिनांक से एक माह पूर्व का **जीवित पंजीयन** होना अनिवार्य है जिसकी छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना है।

(10) आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में अपराधिक प्रकरण चला अथवा विचाराधीन रहा है अथवा पुलिस में कोई प्रकरण पंजीबद्ध हुआ हो यदि हॉ तो उसका पूर्ण विवरण एवं न्यायालय में हुए निर्णय की जानकारी सहित शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(11) आवेदन पत्र का प्रारूप दिया जा रहा है जिसे निर्धारित प्रारूप में भरकर सीलबंद लिफाफे में व्यक्तिगत/डाक से प्रस्तुत करना अनिवार्य है, असत्यापित एवं अपूर्ण आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(12) साक्षात्कार हेतु कार्यालय द्वारा जारी किये गये बुलावा पत्र में दर्शायी गयी नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

(13) आवेदक/आवेदिका एक जिले के लिए एक ही आवेदन पत्र देने के पात्र होंगे । एक से अधिक जिलों के लिए आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में सभी आवेदन पत्रो का अमान्य किया जायेगा ।

(14) विज्ञापन में दर्शायी गयी पद रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि करने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी को होगा।

(15) अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक शैक्षणिक, जाति, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन, विकलांगता एवं अनुभव इत्यादि के प्रमाणपत्रों की सत्यापित छायाप्रतियॉ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(16) विज्ञापन में दर्शित पदों हेतु विज्ञप्ति की विस्तृत शर्ते एवं आवेदन हेतु अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.mpphed.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

**मुख्य अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर**

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

| |
|---|
| नवीनतम<br>स्वहस्ताक्षरित<br>छायाचित्र |

प्रति,

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर।

**विषय :— ................................................................ पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।**

**जिला ..............................................**

1. (अ) आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :— ..........................................................................
   (ब) अंग्रेजी में (कैपिटल अक्षरों में) :— ..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम :— ...........................................................................................................
3. लिंग—(महिला/पुरूष) :— .........................................................................................................
4. पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित) :— ..................................................................................
5. पत्र व्यवहार का स्थायी पता (पिन कोड सहित) :— ........................................................................
6. जन्मतिथि (10+2 परीक्षा के प्रमाण पत्र पर आधारित) :— ................................................................
7. दिनांक 31.12.2012 को आयु ......................... वर्ष ........................ माह ........................ दिन ..................
8. जाति :— ............................................... (सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ..................................... दिनांक ........................एवं रोजगार कार्यालय का नाम ....................................(सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
10. शैक्षणिक योग्यता :—.............................................................................................................
    ............................................................................................................ (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)
11. संलग्न प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों की सूची —

**(1)** ....................................   **(2)** ....................................   **(3)** ....................................

**(4)** ....................................   **(5)** ....................................   **(6)** ....................................

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूॅं कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई जानकारियॉं सत्य हैं, अगर असत्य पाई जाती हैं तो मेरे खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैं यह भी घोषित करता/करती हूॅं कि मेरे अन्तिम जीवित बच्चों का जन्म (यदि दो से अधिक जीवित बच्चे हों तो) 26.01.2001 के पश्चात् नहीं हुआ है।

दिनांक .................... स्थान ..........................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर